आनासागर में फैली जलकुंभी निगम प्रशासन के लिए बनी गले की फांस

निगम के सभी प्रयास हुए फेल, अब नहीं सूझ रहा कोई उपाय, मौजूदा ठेकेदार का कार्यकाल हुआ पूरा

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने जैसी स्थिति में आ गई है। झील में फैली जलकुंभी नियंत्रण से बाहर हो गई है। जलकुंभी ने पूरी झील को अपने कब्जे में ले लिया है। अब जलकुंभी निगम प्रशासन के गले की फांस बन चुकी है। क्योंकि झील को साफ करने वाली ठेकेदार फर्म का ठेके का कार्यकाल गुरुवार समाप्त हो गया। अब निगम प्रशासन को अपने स्तर पर ही झील की सफाई करानी होगी। फिलहाल किसी अन्य ठेकेदार ने कोई रुचि नहीं दिखाई है। वहीं निगम के द्वारा किए गए मानवीय व यांत्रिक प्रयास विफल हो चुके हैं। दिन भर में जितनी जलकुंभी निकाली जाती है अगली सुबह उससे दुगनी झील में नजर आती है।

जलीय जीवों पर खतराः आनासागर में जलकुंभी के निरंतर फैलाव से अब जलीय जीवों के लिए ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से उनके जीवन पर संकट खड़ा हो गया है। जलकुंभी के जाल के कारण पानी में बदबू भी बढ़ने लगी है, जिससे वहां से गुजरने वालों लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी तो जलकुंभीर के निस्तारण की है। पहले इसे सुखाने के लिए आसपास रखा जाता है इसके बाद दोबारा इसका परिवहन कर इसे ट्रेंचिंग ग्राऊंड की ओर ले जाया जाता है।

निगम अपने स्तर पर संभालेगा व्यवस्थाएं: ठेकेदार फार्म का टेंडर पूरा होने के चलते अब नगर निगम प्रशासन शनिवार से सभी व्यवस्थाएं स्वयं के स्तर पर संभालेगा। जलकुंभी मुक्त करने के लिए चार जेसीबी, चार पोकलेन, एक डिविडिंग मशीन व 10 डंपर इस कार्य में लगाए गए हैं। जलकुंभी निकालने के लिए पोकलेन मशीन से बाहर निकाला जा रहा है। चार प्वाइंट बनाए गए है। इसमें बजरंगगढ़ घाटी के पास जेटी, क्रिश्चियनगंज क्षेत्र में चौपाटी सेल्फी प्वाइंट के पास, जी मॉल के पीछे, रीजनल कॉलेज चौपाटी के आसपास व राम नगर कायड़ विश्राम स्थली के पास कुछ चिन्हित स्थानों पर मशीनें लगा रखी हैं। जैसे जैसे जलकुंभी साफ होती जाती है जाल के जरिए इसे किनारे लाकर मशीन की रेंज तक पहंचाया जाता है, फिर मशीन से बाहर निकाला जाता है।

तापमान में बढ़ोतरी जलकुंभी के अनुकूलः पर्यावरणविदों की मानें तो जलकुंभी के फैलाव के लिए तापमान में बढ़ोतरी अधिक अनुकूल है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ेगी जलकुंभी पर नियंत्रण पाना और मुश्किल होगा। साथ ही हवा भी जलकुंभी साफ करने वालों के लिए समस्या बनी हुई है। पूरे दिन में जलकुंभी निकाली जाती है, शाम को हवा के रूख साथ दूसरी ओर चली जाती है, जिससे इसे निकाल पाना सफल नहीं हो पा रहा। मशीन एक ओर से निकालना शुरू करती है कुछ ही घंटों में यह जलकुंभी दूसरी ओर चली जाती है।

नवसम्वत्सर व चेटीचंड पर लोगों को मिले आकर्षक छूट व पुरस्कार

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले चेटीचंड पखवाड़ा को लेकर समिति के शिष्टमण्डल ने अजमेर के प्रमुख व्यावसायियों व उद्योगपतियों की बैठक आयोजित कर नवसम्वत्सर व चेटीचण्ड पर्व पर 31 मार्च से 15 अप्रेल तक बाजारों में दुकानों से खरीददारी करने वाले लोगों को आकर्षक छूट व पुरस्कार देने का प्रस्ताव रखा हुए अपील की।

पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष कवंल प्रकाश किशनानी ने बताया कि नया बाजार में राजा सोनी, प्रवीण जैन, दिनेश गर्ग, किशनचन्द गुप्ता, कचहरी रोड पर कालीचरण खंडेलवाल, सुभाष खंडेलवाल दिलीप चंदनाणी सहित अन्य बाजारों में व्यापारियों से संपर्क किया गया। कन्हैया उद्योग के जयकिशन लख्याणी, लक्ष्मी बेकरी के नरेन शाहणी भगत, आहूजा प्रोपर्टी के राधाकिशन आहूजा, रसोई रेस्टोरेंट के गौरांग किशनानी, पोल्ट्रीफार्म व्यापारी हरिराम कोडवाणी सहित व्यापारियों ने चेटीचंड पखवाड़े पर लोगों द्वारा खरीददारी पर आकर्षक छूट की घोषणा की है। अजमेर शहर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष किशनचंद गुप्ता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इसमें सभी दुकानदारों को आगे आगर जुड़ना चाहिए। मालूम हो कि दीपावली या अन्य त्यौहारों पर आकर्षक छूट दी जाती है और इस बार यह पहल की गई है कि नवसंवतर व चेटीचण्ड पर भी आमजन को यह छूट व पुरस्कार दिया जाए। इस पहल की व्यापारिक संगठनों ने सराहना की है।

अग्रवाल सेवा संस्थान का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

श्याम भजन संध्या में झूमे लोग

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अग्रवाल सेवा संस्था के सदस्यों का फागोत्सव होली स्नेह मिलन व श्री श्याम भजन संध्या समारोह का आयोजन फॉयसागर रोड, रामेश्वरम विद्यापीठ के सामने स्थित आदित्य इन समारोह स्थल में किया गया, साथ ही श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अजयपाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि किशनचन्द बंसल थे तथा अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने की। संस्था सचिव संदीप बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अजयपाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि किशनचंद बंसल, अध्यक्ष प्रदीप बंसल व सचिव संदीप बंसल आदि पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। संयोजक शैलेन्द्र अग्रवाल व राकेश टकसाली ने बताया कि मुख्य अतिथियों का संस्था की और से माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। संस्था अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संयोजक धनेश गोयल एवं राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इसके पश्चात सुनील गोयल एन्ड पार्टी द्वारा भजनों की रस सरिता बहाई गई, भजन गायको ने भजन तथा होली के फाग गीत गए। कार्यक्रम का संचालन संस्था उपाध्यक्ष व संयोजक शैलेंद्र अग्रवाल ने किया। अंत में संस्था सचिव संदीप बंसल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

गुलाबबाडी आरओबी में बरती जा रही लापरवाही

विधायक भदेल ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखा पत्र

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। आरएसआरडीसी के अधिकारियों द्वारा गुलाबबाड़ी आरओबी में बरती जा रही लापरवाही को लेकर विधायक भदेल ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखा। विधायक भदेल पत्र में बताया कि आरएसआरडीसी के अधिकारियो की लापरवाही के चलते समपार गुलाबबाड़ी फाटक पर बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज का कार्य समयावधि पूर्ण होने के 4 वर्ष बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर कार्य को शीघ्रता शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। उन्होने कहा कि मदार अजमेर खंड के बीच समपार गुलाबबाड़ी फाटक के बदले गुलाबबाड़ी रेलवे अण्डर ब्रिज के साथ दो लेन रेलवे ओवरब्रिज का कार्य आरएसआरडीसी को आवंटित किया गया था जिसको पूर्ण करने की अवधि 27 फरवरी 2020 को समाप्त हुए 4 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, परंतु उक्त कार्य आरएसआरडीसी द्वारा आज तक पूर्ण नहीं कराया गया है।

आरएसआरडीसी द्वारा 16 जून 2021 को पुन: एक पत्र रेल्वे को लिखा गया जिसमें सीवरेज लाइन स्थानांतरण करने का उल्लेख था, जिसकी सहमति रेलवे द्वारा प्रदान कर दी गई इसके बावजूद आरएसआरडीसी के अधिकारियों द्वारा समपार संख्या 44 पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज की परियोजना से रेलवे अण्डर ब्रिज हटाने के लिए 29 अक्टूबर 2021 को रेल्वे ट्रैक के नीचे से गुजरने वाली सीवरेज लाईनए पेयजल लाईनए चट्टानी क्षेत्रए जल निकासी की समस्या एवं जोखिम भरे निर्माण के अनेकों कारण बताते हुए रेल्वे को पत्र लिखा। इसमे आश्चर्य की बात है कि मूल जीएडी जो 2018 में स्वीकृत हुई थी और कार्य भी प्रारम्भ हो चुका था। चलते निर्माण कार्य में तीन वर्ष बाद अधिकारियों द्वारा यह कहना कि रेलवे अंडर ब्रिज अब बन नहीं सकता या तो संबंधित अधिकारी अपनी कमियों से बचने के लिए पल्ला झाड़ रहे है या संबंधित फर्म को किसी प्रकार का फायदा पंहुचाने का मकसद था। समपार संख्या 44पर बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज की मूल जीएडी और संशोधित जीएडी दोनों में ही रेलवे ओवरब्रिज के साथ रेलवे अण्डर ब्रिज भी स्वीकृत था, फिर ऐसी क्या आवश्यकता पड़ी जिला कलेक्टर द्वारा पत्र दिनांक 18 नवम्बर 2022 को समपार संख्या 44 पर रेलवे अण्डर ब्रिज का निर्माण न करने के संबंध में पत्र आरएसआरडीसी को लिखा गया।

मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन ने किया पंचायत टास्क फोर्स का गठन

मॉर्निंग न्यूज @ नसीराबाद। मैजिक बस इंडिया फउंडेशनए अजमेर द्वारा संचालित किशोर संदर्भ केंद्र कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत लवेरा में पंचायत टास्क फेर्स का गठन किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोग्राम मैनेजर सिद्धार्थ चौहान के द्वारा की गई और मंच संचालन प्रोग्राम ऑफ्सिर कौशल्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत लवेरा के सरपंच शंकर सिंह मौजूद रहे। बैठक में सिद्धार्थ चौहान ने बताया की ग्राम लवेरा में किशोर संदर्भ केंद्र खोला गया है जिसमे पांचवीं कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों को निशुल्क सेंटर पर पढ़ाया जाएगा साथ ही गांव में ड्राप आउट किशोर किशोरियों को पुनरू स्कूल या राजस्थान स्टेट ओपन बोर्ड में एडमिशन करवाया जाएगा। इसके साथ ही मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा अजमेर जिले में संचालित कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी दी गई ।

सिलिकोसिस की रोकथाम के लिए लगाया शिविर

नसीराबाद। खनिज विभाग अजमेर द्वारा राजकीय सामान्य चिकित्सालय नसीराबाद में सिलिकोसिस बीमारी की रोकथाम को लेकर एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें खान मजदूरों को जांच कर उचित परामर्श दिया गया। राजकीय सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा प्रभारी डॉ.विनय कपूर ने बताया कि शिविर प्रात: 11:30 बजे प्रारंभ हुआ जिसमे नसीराबाद उपखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित माइंस में कार्य कर रहे श्रमिकों की चिकित्सालय में निशुल्क जांच की गई तथा उन्हें उचित परामर्श दिया गया जिससे खान मजदूरो में फैल रही सिलिकोसिस की बीमारी की रोकथाम की जा सके ।

करोड़ों के जेवरात व नगदी के साथ युवक गिरफ्तार

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। लोकसभा चुनाव 2024 के चलते प्रदेश में लगी आदर्श चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस द्वारा की जा रही सघन चेकिंग अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही अंजाम देते हुए बुधवार देर रात एक संदिग्ध युवक को चूडी बाजार से गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक के पास से 2 किलो 365 ग्राम सोने-चांदी के जेवरात जिनकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई के साथ एक लाख 72 हजार रुपये नकद बरामद कर जब्त किए है। युवक पंजाब का रहने वाला है, पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है।

सदर कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में जिला पुलिस पूरी तरीके से मुस्तैद है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के नियमों की

पालना और चुनाव में पैसों के लेनदेन को लेकर कार्यवाही की जारही है। विशेष रूप से नाकाबंदी कर आपराधिक प्रवृत्तियों के लोगों पर नजर रखी जा रही है। नाकाबंदी के दौरान ही बुधवार देर रात चूड़ी बाजार में बड़ी कार्रवाई अंजाम दी गई, पुलिस ने संदिग्ध होने पर एक युवक को पकड़ा है, युवक के पास से करीब डेढ़ करोड़ रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित एक लाख 72 हजार रुपए की नगदी बरामद की है, पुलिस युवक को गिरफ्तार कर लिया।

सूचना पर की कार्रवाईः सदर कोतवाली थाना प्रभारी शेखावत ने बताया कि स्पेशल टीम के एएसआई सतपाल सिंह को सूचना मिली कि एक युवक अपने बैग में सोने चांदी और नगदी लेकर जा रहा है। हो सकता है कि उसके पास इन सब सामानों का बिल न हो।

सूचना पर एएसआई सिंह ने तुरंत कार्यवाही करते हुए उस युवक को हिरासत में लेकर उसके बैग के तलाशी ली तो उसमें सोने-चांदी के आभूषण और नगदी रखी थी। युवक से जब जेवरात और नगदी के बारे में दस्तावेज मांगे तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर सदर कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने पंजाब अमृतसर निवासी तानिस अरोड़ा पुत्र सुनील कुमार को डिटेन कर ज्वेलरी और नगदी आईपीसी की धारा 102 के तहत जब्त करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया।

जेवरात का वजन 2 किलो 365 ग्राम

उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा जब्त सोने के जेवरात का जब वजन कराया गया तो कुल वजन 2 किलो 365 ग्राम पाया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने एक लाख 72 हजार रुपए के बारे में युवक तानिस अरोड़ा से पूछताछ में लगी है कि इतनी बड़ी राशि और ज्वेलरी कहां व किसे देनी थी। पुलिस ने जब्त सोने के जेवरात और नगदी को इनकम टैक्स विभाग को सौंपा है। अब आगे की कार्रवाई इनकम टैक्स विभाग द्वारा की जाएगी।

चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू

अभ्यर्थी 4 अप्रेल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए अजमेर में द्वितीय चरण के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के दौरान कलक्ट्रेट व उसके बाहर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए है। कलेक्ट्रेट के अंदर सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य खास इंतजाम किए गए हैं। अजमेर में कलक्ट्रेट के मुख्य गेट पर हथकड़ी लगी नजर आई। वैसे तो पुलिस किसी अपराधी को ही हथकड़ी लगाती है। लेकिनए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले कलक्ट्रेट के मुख्य गेट को पुलिस ने हथकड़ी लगाकर लॉक कियाए जो जिलेभर में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कुछ बदलाव किए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा.भारती दीक्षित ने बताया कि राजस्था में दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 4 अप्रैल तक जारी रहेगी। प्रत्याशी सुबह 11

से दोपहर 3 बजे तक पर्चा भर सकता है। दोपहर 3 बजे बाद कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। नामांकन भरने वाले प्रत्याशी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। इतना ही नहीं, नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। मतदान 26 अप्रेल को होगा, 4 अप्रेल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे, 5 अप्रेल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रेल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतगणना 4 जून को होगी। बता दें कि अजमेर लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 86 हजार 966 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 10 लाख 10 हजार 862 पुरुष और 9 लाख 76 हजार 079 महिला वोटर्स शामिल हैं।

यातायात व्यवस्था में किया बदलावः यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कुछ बदलाव किए गए हैं। लोहाखान पुलिस लाइन की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहन पुलिस लाइन पहला चौराहा से नया कोर्ट तिराहे होते हुए शहर ;बाजारद्ध की ओर आ सकेंगे, वैशाली नगर सावित्री चौराहा की तरह से आने वाले सभी प्रकार के वाहन अजमेर क्लब चौराहा से राजहंस वाटिका होते हुए जा सकेंगे। जयपुर रोड बस स्टैण्ड की तरफसे आने वाले सभी प्रकार के वाहन अम्बेडकर सर्किल से राजहंस वाटिका होते हुए जा सकेंगे।

यहां प्रवेश निषेध

पुलिस लाइन चौराहा से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक सभी प्रकार के वाहन का प्रवेश निषेध रहेगा। अम्बेडकर सर्किल से अजमेर क्लब चौराहा तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा, अजमेर क्लब चौराहा से अम्बेडकर सर्किल तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

परीक्षा देने अजमेर आई नाबालिग लापता

नसीराबाद से अपने चाचा के साथ आई थी अजमेर

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के घूघरा स्थित सरकारी स्कूल में नसीराबाद से अपने चाचा के साथ परीक्षा देने अजमेर आई एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

नसीराबाद निवासी पीड़ित मां ने सिविल लाइन थाने में छात्रा के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित मां ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षी नाबालिग बेटी अपने चाचा के साथ अजमेर के घूघरा स्थित सरकारी स्कूल में परीक्षा देने के लिए आई थी।

चाचा ने बेटी को गणेशजी के मंदिर भोपा का बाडा के पास बैठा कर के कुछ काम के लिए गए थे। थोड़ी देर बाद आए तो वह वहां नहीं मिली। उसे घूघरा गांव सरकारी स्कूल में जाना था,लेकिन वहां भी नही पंहुची। आस पास रिश्तेदारी में सभी जगह मालूम किया, लेकिन कोई पता नही चला।

छात्रा स्कूली की ड्रेस पहने हुए है, उसके पास कोई फोन नहीं था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।